>

Title: Need to reopen diamond mine in Panna, Madhya Pradesh.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के पन्ना जिले की एनएमडीसी की हीरा खदान की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं। सुप्रीम कोर्ट के डायरेक्शन के अनुसार 20.6.2009 को माननीय वीर भद्र सिंह जी, भारत सरकार के मंत्री ने पुन: उद्घाटन किया था। यह रिजर्व फॉरेस्ट के बफर जोन में आ रहा थहा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद इसे पुन: चालू कराया गया। 15 साल की अतिरिक्त लीज़ थी एवं 1 वर्ष बाद 1.7.2010~~2010~~ तक थी जो समाप्त हो गई है जिस कारण से बंद पड़ी हुई है। भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में राज्य सरकार का प्रस्ताव लम्बित पड़ा हुआ है। यह परियोजना आज बंद पड़ी हुई है। मेरा कहना है कि पूरे बुन्देलखंड क्षेत्र में ऐसी खदान है जिसे एनएमडीसी चलाती है। यह हीरे की एक मात्र खदान है जिससे बुंदेलखंड के बेरोजगार लोगों को रोज़गार मिलता है। मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुये निवेदन और आग्रह करना चाहता हूं कि पन्ना जिले की हीरे की यह खदान की लीज को भारत सरकार तुंरत स्वीकृति दिलाये जिससे पन्ना जिले के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सके।

धन्यवाद।